06 मध्य प्रदेश देश का पहला ऐसा प्रदेश है जहां भावांतर...



07 स्वास्थ्य सेवाओं का मरीजों से लिया फीडबैक...



## खबर संक्षेप

### सहकारी सप्ताह का शुभारम्भ आज से

**सीहोर।** भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ भारतीय सहकारिता आंदोलन का एक शीर्ष संगठन, देश में सहकारिता की विचारधारा और भावना का प्रचार करने के लिए हर साल 14 से 20 नवंबर तक अखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह मनाता और प्रायोजित करता है। इस वर्ष भारतीय सहकारिता आंदोलन राष्ट्रव्यापी स्तर पर 72वां अखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह मनाएगा। सप्ताह भर चलने वाले इस समारोह में कार्यशालाओं, संगोष्ठियों, प्रतियोगिताओं और संगोष्ठियों जैसी कई गतिविधियाँ शामिल हैं, जिनका उद्देश्य विभिन्न स्तरों पर सहकारिता जागरूकता को बढ़ावा देना और सहकारी आंदोलन को मजबूत करना है। इस वर्ष, सहकारिता सप्ताह ₹सहकारिताएँ आत्मनिर्भर भारत के माध्यम के रूप में₹ विषय के साथ मनाया जा रहा है। यह विषय आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में, विशेष रूप से कृषि, ग्रामीण ऋण, सूक्ष्म उद्यम और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में, सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। सहकारिताएँ स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने, आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और समावेशी एवं सतत विकास में योगदान देने के लिए आधारशिला का काम करती हैं। भारत में आठ लाख से अधिक सहकारी समितियां कार्यरत हैं जो तीस क्षेत्रों में लगभग 32 करोड़ से अधिक सदस्य सहकारिता से जुड़े हुए हैं। सहकारी बैंक, राज्य सहकारी संघ,डीसीसीबी व एक औद्योग सहकारी बैंक सहकारिता के माध्यम से सदस्यों का आर्थिक विकास में व शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

### जिले के 8612 पंजीकृत कृषकों को सोयाबीन की भावांतर राशि का अंतरण

# हर समय किसानों के साथ खड़ी है प्रदेश सरकार: विधायक गेहलोत





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

हर समय किसानों के साथ खड़ी है, प्रदेश सरकार। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार ने किसानों से किए हर एक वादे पूरे किए हैं। प्राकृतिक आपदा से फसल खराब होने पर जिले के किसानों को मुआवजा दिया और अब भावांतर योजना में अंतर की राशि प्रदान कर सोयाबीन फसल का सही दाम देने का काम सरकार ने किया है। यह बात आगर विधायक मधु गेहलोत ने गुरूवार को नई कृषि उपज मंडी आगर में आयोजित जिला स्तरीय भावांतर राशि वितरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को देवास से प्रदेश के 1.33 लाख कृषकों के खाते में 233 करोड़ की राशि सिंग क्लिक से अंतरित की। आगर-मालवा जिले के 8612 कृषक लाभान्वित हुए। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिले में जनप्रतिनिधियों और कृषकों द्वारा देखा गया।

इस अवसर पर कलेक्टर प्रीति यादव,भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, नगर पालिका अध्यक्ष निलेश जैन पटेल, पूर्व मंडी अध्यक्ष बाबूलाल यादव, प्रेम यादव, भैरूसिंह चौहान, दिनेश परमार, भरत प्रजापत, सचिन लववंशी, सुरेश बैरागी, किसान नेता डूंगर सिंह सिंसौदिया, राघुसिंह, राजेन्द्र सिंह, हरिनारायण यादव, तुफानसिंह गरबड़ा आदि जनप्रतिनिधि मंचासीन रहे।



विधायक श्री गेहलोत ने आगे कहा कि प्रदेश सरकार भरोसे की सरकार है, जो हर वर्ग की चिंता करती है। आयुष्मान योजना में 5 लाख रुपए तक का निःशुल्क उपचार की सुविधा दी जा रही है। आगर विधानसभा में निरंतर विकास कार्य हो रहे है। नये-नये उद्योग लाने का काम किया जा रहा है।

जिला अध्यक्ष श्री मालवीय ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव किसानों के दर्द को समझते हैं। आज भावांतर राशि वितरण का यह कार्यक्रम प्रदेशभर के किसानों के लिए खुशी का दिन है। पूर्व मंडी अध्यक्ष बाबूलाल यादव ने कहा कि आज का दिन किसानों के नाम है। मुख्यमंत्री स्वयं किसान पुत्र हैं, जो सदैव किसानों की भलाई के लिए तत्पर रहते हैं। किसान नेता डूंगर सिंह चौहान ने कहा कि सरकार ने पहले मुआवजा राशि दी और अब भावांतर योजना के तहत राशि देकर किसानों को सशक्त किया है। कृषि विभाग के उप संचालक विजय चौरसिया ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। जिले के किसानों ने मुख्यमंत्री को किसानों के हित में निरंतर किए जा रहे प्रयासों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर आर.पी. वर्मा, एसडीएम मिलिंद ढोके, तहसीलदार, पत्रकारगण एवं बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे। उपस्थितजनों का आभार मंडी सचिव आगर आनंद सिंह ने माना और संचालन जीवन राठौर ने किया।

### भाजपा नेत्री घर-घर कर रहीं संपर्क

## एसआईआर फॉर्म भरकर लोगों को दी जा रही जानकारी





**नलखेड़ा।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तहसील के सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य प्रारम्भ हो गया है। एसआईआर के फॉर्म को लेकर भाजपा पदाधिकारियों द्वारा भी मतदाताओं को जानकारी प्रदान कर उनके फार्म भरवायें जा रहे हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत 04 नवम्बर से बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन कार्य प्रारंभ किया गया है। जो 04 दिसम्बर तक चलेगा। एसआईआर के फॉर्म को लेकर भाजपा महामंत्री अर्चना संतोष नागर ने वार्ड क्रमांक 2 बूथ 199 के अंतर्गत आने वाले मतदाताओं के घर - घर संबंधित बीएलओ के साथ संपर्क कर इसकी जानकारी देकर फॉर्म भरे गए मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत तहसील क्षेत्र के साथ सभी 118 मतदान केंद्र व विधानसभा में शामिल मोहन बड़ोदिया तहसील के 44 मतदान केंद्रों कुल 162 मतदान केंद्रों पर सम्बंधित मतदान केंद्र के बीएलओ द्वारा घर घर जाकर मतदाताओं को गणना फार्म वितरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

### धरोला में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित



**नलखेड़ा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धरोला में गुरुवार को सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थिति रही। तहसील के ग्राम धरोला में स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गुरुवार को आयोजित सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंजली जैन, विशिष्ट अतिथि अंकिता मोदी एवम समिति सदस्या गीता पाटीदार उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित माताओं को मुख्य अतिथि द्वारा संबोधित किया गया।

# शिक्षित समाज से ही देश का विकास संभव है: न्यायाधीश

### ग्राम पंचायत परसुखेड़ी में विधिक जागरूकता शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह के अन्तर्गत प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष डी.एस. चौहान के मार्गदर्शन में एवं अश्विनी सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगर-मालवा के कुशल नेतृत्व में गुरुवार को ग्राम परसुखेड़ी जिला आगर-मालवा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में अश्विनी सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगर-मालवा एवं विशेष अतिथि के रूप में हेमन्त मेहरा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आगर मालवा एवं फारूक अहमद सिद्दीकी जिला विधिक सहायता अधिकारी उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अश्विनी सिंह ने अपने उद्बोधन में ग्रामीण जन से कहा कि बच्चों को शिक्षित करना हमारा कर्तव्य है शिक्षित समाज से ही देश का विकास संभव है बच्चों को शिक्षा के साथ नैतिक शिक्षा भी दी जाना चाहिए साथ ही लडके एवं लड़कियों में कोई भी विभेद नही होना चाहिए, लड़कियों को






बोझ समझ कर बाल विवाह नहीं करना चाहिए क्योकि बाल विवाह एक अपराध है विधिक जागरूक होना अति आवश्यक है ताकि अपराधों से बचा जा सके। हेमन्त मेहरा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आगर-मालवा ने कहा कि महिलाओं को घरेलू हिंसा से संरक्षण दिलाने के लिए घरेलू हिंसा अधिनियम बनाया गया है यदि किसी महिला के साथ घरेलू हिंसा होती है तो वह निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत कर सकती हैं इसके अतिरिक्त उपस्थित ग्रामीण जन को नागरिकों को कानूनी अधिकार, न्याय तक पहुच और मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में शिक्षित किया यौन उत्पीड़न साइबर सुरक्षा एवं सम्पति अधिकार संबधी विषयों पर भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया तथा ग्राम पचांयत सचिव गोपाल शर्मा के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण का स्वागत एवं आभार प्रदर्शन किया इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन बच्चें, पैरालीगल वालेटियर्स आदि उपस्थित रहे।

### बाल दिवस के अवसर पर हुआ भव्य कार्यक्रम

## सागर विद्या निकेतन पर बच्चों ने रंगमंच के माध्यम से दी विभिन्न प्रस्तुतियां

**नलखेड़ा।** बाल दिवस के अवसर पर सागर विद्या निकेतन, में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने विभिन्न प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में प्राचार्य, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। गुरुवार को विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने रंगमंच के माध्यम से ह्लनयन-सिद्धि मनमोहक प्रस्तुतिह्व दी, जिसने सभी का मन मोह लिया। चाचा नेहरू के जन्मदिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने मनोहर नृत्य, कविता और नाटक प्रस्तुत किए। एक विशेष नाट्य प्रस्तुति में बच्चों ने आज के समय में मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों को दर्शाते हुए यह संदेश दिया कि अभिभावकों को बच्चों से जुड़ाव बनाए रखना चाहिए। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने पुलिस, डॉक्टर, शिक्षक, नेता और किसान की भूमिकाएँ निभाकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक संजय फाफरिया, प्रबंधक विकास प्रजापति, प्राचार्य ओंप्रकाश शर्मा तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के समापन पर





विद्यालय परिवार द्वारा सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने किया सीहोर-श्यामपुर कृषि उपज मंडी और एसआईआर प्रक्रिया का निरीक्षण

# भावांतर के तहत फसल खरीदी प्रक्रिया में रखें पारदर्शिता: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने सीहोर एवं श्यामपुर की कृषि उपज मंडी एवं श्यामपुर क्षेत्र के अनेक मतदान केंद्रो पर जाकर एसआईआर प्रक्रिया का निरीक्षण किया। मंडियों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने भावांतर भुगतान योजना के संचालन की स्थिति देखी और मंडी में चल रही खरीदी, तुलाई एवं भुगतान प्रक्रिया की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नीलामी शेड, तुलाई प्रक्रिया, भुगतान पंजीयन और खरीदी की व्यवस्थाओं को देखा तथा मंडी सचिव को निर्देश दिए कि खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता रखी जाए और किसानों को कतार में अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। इसके साथ ही तुलाई तथा भुगतान की प्रक्रिया समय सीमा में पूरी की जाए। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने मंडी परिसर में व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए कहा कि मंडी का मुख्य उद्देश्य किसानों को अधिकतम लाभ पहुंचाना है।

उन्होंने नीलामी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और बोली के दौरान एक रुपये की बोली न लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मॉइश्चर मशीन और ग्रेड सेपरेटर जैसी मशीनों के उपयोग की जानकारी ली और कहा कि इनका सही प्रयोग कर उपज का सटीक वर्गीकरण किया जाए, जिससे किसानों को उनकी



फसल की गुणवत्ता के अनुसार मूल्य प्राप्त हो सके। उन्होंने मंडी प्रशासन को प्रतिदिन की गतिविधियों की रिपोर्ट तैयार करने और समय-समय पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंडी परिसर में किसानों को भोजन की उचित व्यवस्था मिले और निर्धारित दर गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि मंडी प्रबंधन किसानों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता पर रखे और योजनाओं का लाभ समय पर किसानों तक पहुंचाया जाए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार डॉ. अमित सिंह और मंडी सचिव श्री नरेंद्र कुमार माहेश्वरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

#### एसआईआर प्रक्रिया का निरीक्षण

कलेक्टर बालागुरू के. ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए संचालित किए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत श्यामपुर क्षेत्र के अनेक मतदान केंद्रो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एसआईआर की प्रक्रिया देखी। उन्होंने कहा कि इस एसआईआर प्रक्रिया का उद्देश्य जिले की मतदाता सूची को पूर्णतः शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई अपात्र नाम सूची में शामिल न हो। इसलिए सभी बीएलओ एवं संबंधित अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और सटीकता से कार्य करें।

इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ), बूथ लेवल एजेंटों एवं जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर एसआईआर प्रक्रिया के सुचारू संचालन के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया। इस संबंध में कुछ विशेष टिप्स भी दिए। उन्होंने सभी बीएलओ को प्रोत्साहित किया और बेहतर ढंग से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विधानसभा क्षेत्र में कार्यरत सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर्स को निरंतर प्रशिक्षित किया जाए ताकि आवश्यकताओं के हिसाब से सभी अपने कार्य को और अधिक बेहतर तरीके से संपादित कर सके। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं को गणना पत्रक भरकर बीएलओ के पास जमा करने के लिए प्रेरित भी किया।

## 17 नवंबर को होगा अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

लीजा टॉकीज मैदान पर 17 नवंबर को अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। साथ ही विधानसभा क्षेत्र के हजारों समर्थकों कार्यकर्ताओं नागरिकों के द्वारा विधायक सुदेश राय के जन्म दिवस के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राजकुमार जायसवाल रिंकू ने बताया कि कवि सम्मेलन में देश भर के दिग्गज हास्य कवि तथा लाफ़्टर शो चैंपियन श्रोताओं को गुदगुदाने आ रहे हैं।

आयोजन लीज़ा टॉकीज़ के मैदान पर 17 नवंबर गुरुवार को होगा। कवि सम्मेलन आयोजन संस्था के द्वारा जरूरी तैयारियां शुरू कर दी गई है। शहर में कवि सम्मेलन की बरसों पुरानी परंपरा रही है, सीहोर का नाम कवि सम्मेलन नगरी के रूप में ख्यात रहा है। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विधायक सुदेश राय के जन्मदिन पर पिछले पच्चीस वर्षों से कवि सम्मेलन का आयोजन लीज़ा टॉकीज़ मैदान पर आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष यह आयोजन पूरी तरह से हँसी, ठहाकों तथा गीत-ग़ज़लों को समर्पित रहेगा। इस वर्ष आने वाले कवियों में 'द लाफ़्टर शो' तथा 'द कपिल शर्मा शो' में भाग ले चुके मशहूर कवि भी शामिल हैं। लीजा टॉकीज मैदान पर बनने वाले भव्य मंच से अरुण जैमिनी हास्य सम्राट, लाफ्टर चैम्पियन के सरपंच, द कपिल शर्मा शो फेम नई दिल्ली, शशिकांत यादव शशि सब रस-संचालक देवास अज़हर इक़बाल मशहूर शायर, फिल्म गीतकार, द कपिल शर्मा शो फेम, मेरठ उप्र अनिल चौबे हास्य व्यंग्य वाराणसी, सुश्री आयुषी राखेचा गीत, ग़ज़ल, हास्य जोधपुर, पार्थ नवीन हास्य पैरोडीकार प्रतापगढ़, स्वयं श्रीवास्तव गीतकार उन्नाव उप्र, तथा मुन्ना बैटरी लाफ्टर चैम्पियन फेम मंदसौर नागरिकों को हंसा हंसा कर लोटपोट कर देंगे।

**खबर संक्षेप**

## मां कालिका मंदिर का भूमि पूजन संपन्न



**देवास।** वार्ड 8 में निरंतर विकास कार्यों के साथ पार्षद राजेंद्र ठाकुर के तीन वर्ष के कार्यकाल के उपलक्ष्य में शिव नगर त्रिलोक नगर क्षेत्र में माँ कालिका मंदिर का भूमि पूजन विधि-विधान से किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, भक्तों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंत्रोच्चारण और वैदिक रीति से संपन्न इस पूजा के दौरान माँ कालिका के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। पार्षद ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि, वार्ड के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों का संवर्धन भी हमारी प्राथमिकता है। माँ कालिका मंदिर के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को एक नया आस्था केंद्र मिलेगा। स्थानीय निवासियों ने पार्षद के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में विकास की गति तेज हुई है। इस दौरान बड़ी संख्या में वार्ड के गणमान्यजन उपस्थित थे।

## मप्र महा वाल्मीकि पंचायत के प्रदेश महामंत्री बने घारू



**देवास।** समाज के प्रति कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए मध्यप्रदेश महा वाल्मीकि पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष सेतू नरवारे द्वारा समाजसेवी पंकज सिंह घारू को संगठन का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है। घारू के मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष नरवारे ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही विपिन बाली, शरद गिरजे, अजय पहाडिया, मनोहर सिंह कराडा, संजू जलोदिया, लखन धूलिया, अमित धूलिया, अमित शिंदे आदि ईस्ट मित्रों ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत करते हुए बधाई दी।

### मुख्यमंत्री ने प्रदेश के एक लाख 33 हजार किसानों के खातों में 233 करोड़ रुपए की राशि की अंतरित

# मध्य प्रदेश देश का पहला ऐसा प्रदेश है जहां भावांतर योजना लागू हुई है, अन्य राज्यों के लिए बनी प्रेरणाः सीएम यादव



### देवास में आयोजित हुआ राज्य स्तरीय भावांतर योजना भुगतान कार्यक्रम, सिंगल क्लिक से किसानों को दी करोड़ों की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में गुरुवार को भावांतर योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के 1 लाख 33 हजार किसानों के खातों में 233 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की। सीएम यादव ने कहा कि सीमा पर जवान और खेत में किसान दोनों बराबर हैं। किसानों की मेहनत से ही प्रदेश को 'सोयाबीन स्टेट' की पहचान मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलाने के लिए हर साल एमएसपी बढ़ा रही है। आपदा प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए भावांतर योजना को लागू किया गया है, जो देश में पहली बार मध्य प्रदेश में शुरू हुई थी। प्रदेश में आपदा प्रभावित किसानों की फसलों को उचित दाम प्रदान करने के लिए भावांतर योजना का क्रियांवयन किया गया हैं। मध्य प्रदेश देश का पहला ऐसा प्रदेश है जहां भावांतर योजना लागू की गई है जो अन्य प्रदेशों के लिए प्रेरणादायी है। प्रदेश के 9 लाख किसानों ने भावांतर योजना में पंजीयन कराया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देवास के विकास के लिए 183 करोड़ 25 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया।

#### किसान कल्याणकारी योजना

किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा कि भावांतर योजना एक किसान कल्याणकारी योजना है। मध्य प्रदेश भारत का पहला प्रदेश है जहां भावांतर की राशि किसानों को दी जा रही है। भावांतर योजना का प्रदेश में सफल क्रियान्वयन विभिन्न राज्यों के लिए प्रेरणादायी बना है और विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधिगण इस योजना के क्रियान्वयन को देखने के लिए आ रहे हैं। प्रदेश सरकार किसान हितैषी सरकार है। प्रदेश में भावांतर योजना, लाड़ली बहना सहित कई



योजनाएं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही है। इन योजनाओं का नाम देश में पहले किसी ने नहीं सुना था। प्रदेश की सरकार द्वारा यह योजनाएं बनाई गई है। प्रदेश सरकार सर्व समाज की सरकार है तथा सभी के हित के लिए प्रदेश सरकार कार्य कर रही है।

#### देशभर में अपनी छाप छोड़ेगी

सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि आज इतिहास रचने वाला है। किसानों को देवास से भावांतर की राशि दी जा रही है। यह योजना देश भर में अपनी छाप छोड़ेगी और प्रदेश की नवीन पहचान बनाएगी। हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि यहां से प्रदेश के किसानों को राशि दी जा रही है।

#### देवास के लिए गौरव की बात

विधायक गायत्री राजे पवार ने कहा कि देवास का गौरव है कि आज देवास से प्रदेश के किसानों को भावांतर योजना की राशि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी द्वारा अंतरित की जा रही है। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा लाभ किसानों देवास मंडी को मिल रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद। विकास की यात्रा में देवास कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। प्रदेश सरकार महिलाओं के हित में एवं महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है। देवास को भी मुख्यमंत्री जी द्वारा बहुत सी सौगातें दी गई है। कई विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया है। देवास का विकास तेजी से हो रहा है।

#### 183 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत के आठ विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने देवास में 183 करोड़ 25 लाख रूपये की लागत के 08 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। उक्त विकास कार्यों में देवास में उज्जैन तिराहा से नागुखेड़ी बायपास मार्ग का निर्माण कार्य, ग्राम जनोई में देवास कायथा मार्ग से श्रीराम मंदिर मार्ग का निर्माण कार्य, ग्राम खजुरिया जागीर से तुमड़ावदा मार्ग का निर्माण कार्य, नगर निगम देवास क्षेत्र में एसएसटीडी योजना अंतर्गत 33 केवी मोनो पोल (औद्योगिक क्षेत्र में प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए), पुलिस लाइन देवास में 16 जी.ओ. आवास, 160 आरक्षक आवास गृह निर्माण कार्य, देवास में असंगठित श्रमिकों के लिए रेन बसेरा, देवास में 100 बिस्तरीय वर्किंग वुमन हॉस्टल का भूमिपूजन किया।

#### 10 कृषक जिन्हें सर्वाधिक राशि प्राप्त हुई

देवास जिला में किसान पानसिंह जाट को 01 लाख 64 हजार 487 रूपये, छोटे खान को 01 लाख 62 हजार 254 रूपये, गोपाल शर्मा को 01 लाख 48 हजार 113 रूपये, भवानी शंकर सीरा को 01 लाख 31 हजार 623 रूपये, कमल किशोर को 01 लाख 27 हजार 882 रूपये, विजय जाट को 01 लाख 27 हजार 205 रूपये, सतीश पटेल को 01 लाख 26 हजार 332, नंद किशोर को 01 लाख 22 हजार 426 रूपये, जयेंद्र सिंह मकवाना को 01 लाख 18 हजार 716 रूपये, रघुवीर जाट को 01 लाख 18 हजार 360 रूपये राशि अंतरित की।

#### मुख्यमंत्री ने कृषि यंत्रों का किया अवलोकन


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी में कृषि यंत्रों में रोटावेटर, ड्रोन, सुपर सीडर, ब्रोड बेड फरो प्लांटर, मल्चर, फर्टीलाइजर ब्राड कास्टर, भूसा लोडर, लेजर एंड लेवलर, स्वचलित टूलबार, स्व चलित स्प्रेयर, राउंड बेलर, चीफ कटर, सीड ग्रेडर, स्लेशर, स्टॉरीपर, रीपर कम बाइंडर, स्प्रे पंप, सीड ग्रेडर विथ कन्वेयर, डिस्क प्लाउ सहित अन्य यंत्रों का अवलोकन किया। इस साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा लगाई गई जैविक खेती प्रदर्शनी, प्राकृतिक खेती की प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा किसानों से चर्चाकर उन्हें आधुनिक कृषि और कृषि यंत्रीकरण के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में कृषकगण, लाड़ली बहनों के साथ जनप्रतिनिधि सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर, हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी, बागली विधायक मुरली भंवरा, जिला अध्यक्ष भाजपा रायसिंह सेंधव, प्रदेश भाजपा किसान संघ के अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, जिंप अध्यक्ष लीला अटारिया, महापौर गीता अग्रवाल, सभापति रवि जैन, दुर्गेश अग्रवाल, राजीव खंडेलवाल, नरेंद्र सिंह राजपूत, राजेश यादव, मनीष सोलंकी, नंदकिशोर पाटीदार, बहादुर मुकाती, सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर कृषि विभाग के सचिव निशांत वरवड़े, संभागायुक्त आशीष सिंह, आईजी उमेश जोगा, डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टकर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टरर संजीव जैन, एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया, एसडीएम आनंद मालवीय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# ठगी के प्रकरण में लाखों का लेनदेन करने पर दो एसआई को किया निलंबित, एसपी ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

पुलिस थाना कमलापुर अंतर्गत पुलिस सहायता केंद्र चापड़ा पर साइबर ऑनलाइन ठगी को लेकर एक शिकायत दर्ज कराई गई थी जिस पर पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए पुलिस के हाथ आरोपियों तक पहुंच चुके थे,लेकिन इस दौरान कार्यवाही कर रहे पुलिस अधिकारियों द्वारा आरोपियों से मिलकर कुछ आरोपियों को संरक्षण देने का मामला सामने आया है। पूरे मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत तक पहुंची जिसके बाद लगातार उनके द्वारा विभागीय स्तर पर उनकी जांच की जा रही थी। जांच में लापरवाही मिलने पर तत्कालीन पुलिस थाना प्रभारी उपनिरीक्षक उपेंद्र नाहर एवं पुलिस सहायता केंद्र चापडा प्रभारी





राकेश नरवरिया को निलंबित कर दिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चापडा निवासी एक युवक द्वारा ऑनलाइन ठगी हुई थी जिसको लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। हालांकि इस मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिन अधिकारियों को निलंबित किया गया है उनके साथ एक वरिष्ठ अधिकारी भी सम्मिलित है और उनके द्वारा कुछ मुख्य आरोपियों को संरक्षण देने के एवज में राशि ली गई है। सोशल मीडिया एवं बाजारों में 35 लाख रुपए के लेनदेन की चर्चाएं चल रही है और उसी के चलते पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत द्वारा यह कार्रवाई की गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बागली अनुविभाग में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी इसमें सम्मिलित है लेकिन उक्त अधिकारी की मजबूत राजनीतिक पकड़ होने के कारण कार्यवाही नहीं हुई है और दो निचले अधिकारियों पर यह गाज गिरी है। 35 लाख रुपए लेकर आरोपियों को संरक्षण देने का मामला विगत एक सप्ताह से सोशल मीडिया एवं बाजारों में चर्चा का विषय बना हुआ था। सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस सहायता केंद्र चापडा एवं पुलिस थाना कमलापुर पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी मंगवाई गई थी। इसके बाद ही उक्त कार्रवाई की गई है। उपेंद्र नाहर चापडा में लंबे समय से टिके हुए थे। पुलिस सहायता केंद्र चापडा के बाद वह पुलिस थाना कमलापुर के प्रभारी बने थे। पहली बार उन्हें थाना प्रभारी का चार्ज मिला था।

# न्यायोत्सव अंतर्गत केन्द्रीय विद्यालय बीएनपी में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं अजय प्रकाश मिश्र प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास के मार्गदर्शन में न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह-2025 की कार्य योजना के अनुसार पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय बीएनपी देवास में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गय जिसमें रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास एवं प्रियांशु पांडे जेएमएफसी देवास उपस्थित थे।शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीवास्तव ने यातायात नियमों में ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन रजिस्ट्रेशन और वाहन के बीमा करवाए जाने के संबंध में विद्यार्थियों को जागरूक किया एवं यातायात से संबंधित कानून में क्या प्रावधान है एवं उसके अपराधों के बारे में, मोटर व्हीकल एक्ट के बारे में जानकारी देते हुए विस्तृत चर्चा की, साथ ही साइबर अपराध के बारे में कानूनी जानकारी बताते हुए डिजिटल




प्लेटफॉर्म जैसे इंस्टग्राम, व्हाट्स अप, फेसबुक पर किस प्रकार से एवं सुरक्षित तरीके से कार्य करने हेतु कम से कम उसका उपयोग करने के संबंध जागरूक किया।विधिक साक्षरता शिविर में प्रियांशु पांडे जेएमएफसी देवास ने भी उपस्थित विद्यार्थियों को साइबर अपराध के बारे में और उनकी सजा के प्रावधानों के बारे में भी जानकारी देकर विद्यार्थियों को जागरूक किया एवं यह भी सलाह दी की अपने आसपास हो रहे गतिविधियों पर भी नजर रखें और ऐसा कोई कार्य न करें करें जोकि कानून के विरुद्ध हो।उक्त विधिक साक्षरता शिविर में विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं, स्टॉफ उपस्थित था। प्राचार्य पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय भारत सेठ ने आभार व्यक्त किया।

### देवास मेडिकल प्रेक्टिशनर्स के सदस्यों का पारिवारिक मिलन समारोह हुआ संपन्न

# समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत हुईं कई प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

एसोसिएशन ऑफ देवास मेडिकल प्रेक्टिशनर्स के सदस्यों का पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन एक निजी गार्डन में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम संस्था अध्यक्ष डॉ. मुग्धा कुलकर्णी, सचिव डॉ. वरूण आनंद, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आर.सी.शर्मा, डॉ. स्मिता दुबे, डॉ. एम.एम. अग्रवाल, डॉ. प्रमोद माहेश्वरी, डॉ. अरूण दुबे ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. शाम्भवी देवकर ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। मीडिया प्रभारी डॉ. आर.एस.दुबे ने बताया कि इस पारिवारिक मिलन समारोह में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। छोटे बच्चों द्वारा फेंसी ड्रेस में वीर शिवाजी, महारानी लक्ष्मीबाई, डोरेमान, नन्हीं परी आदि का स्वरूप धारण कर उपस्थितजनों को गुदगुदाया। युगल नृत्य में डॉ. नीरज खरे, डॉ. संध्या खरे ने तथा डॉ.सुलभा रानी, डॉ. पूनम भाटिया, डॉ. ऋतुसिंह, डॉ. प्राची माहेश्वरी एवं डॉ. निशीथ गगरानी, डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. प्रतीक श्रीवास्तव, डॉ. रूपल श्रीवास्तव, रश्मि गगरानी, टीना



गुप्ता ने अपनी प्रस्तुति से समा बांध दिया। डॉ. इंदरदीप अरोरा एवं डॉ. पुनीत माहेश्वरी के निर्देशन में जयप्रीतसिंह अरोरा व उनके साथी बच्चों ने व्यंगात्मक नाटिका हमारा नम्बर कब आएगा प्रस्तुत कर उपस्थितजनों को खूब हंसाया। डॉ. आर.एल.वर्मा, डॉ. इंदरदीप अरोरा, डॉ. प्रमोद बाफना, डॉ. अजय करकरे, क्षितिज वर्मा, डॉ. शाम्भवी देवकर, डॉ. राशि केलकर, डॉ. सीमा कोठारी, टीना गुप्ता, डॉ. अनुराधा देवकर ने अपनी आवाज में कव्वाली की प्रस्तुति देकर खूब दाद बटोरी। कार्यक्रम में डॉ. वरूण आनंद व डॉ. अशोक सेंधव ने उपस्थित जनसमूह से पहेलिया पूछकर मनोरंजन का वातावरण निर्मित किया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष डॉ. मुग्धा कुलकर्णी ने सभी की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया। इस समारोह में डॉ.वरुण आनंद, डॉ.इन्दरदीप अरोरा, डॉ.पुनीत माहेश्वरी, डॉ.सीमा कोठारी, डॉ.आर.एल.वर्मा, डॉ.सुलभा रानी, डॉ.आर.एस.दुबे, डॉ.अशोक सेंधव, डॉ.रीतू सिंह, डॉ. राजसी केलकर, डॉ.अभिषेक सोनी, डॉ.निलेश गगरानी का विशेष सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में डॉ. के.सी. कोठारी, डॉ. एम.एल.श्रीवास्तव, डॉ. अजय करकरे, डॉ. दिलीप जोशी, डॉ. निलेश गगरानी, डॉ. मजहर शेख, डॉ. मोहन वर्मा, डॉ. सुनील लाड, डॉ. नितिन डोर, डॉ. अश्विन सोनगरा, डॉ. एस.के.शुक्ला, डॉ. अनुराधा गगरानी, डॉ. शिरिश अग्रवाल, डॉ. शिनु अग्रवाल, डॉ. अनूपसिंह, डॉ. प्रसन्ना कुलकर्णी, डॉ. अनुराधा देवकर, डॉ. प्रदीप गुप्ता, आदि संस्था के सभी चिकित्सक अपने परिवार सहित बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सीमा कोठारी व अभिषेक सोनी ने किया तथा आभार संस्था सचिव डॉ. वरूण आनंद ने व्यक्त किया।

# हाईवे मार्ग पर गड्ढे भरने का काम हुआ शुरू




हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

इंदौर-नेमावर मार्ग पर लंबे समय से सड़क पर गहरे और बड़े गढ्ढे होने से वाहन चालक परेशान थे और दुर्घटना का शिकार हो रहे थे। इसी को लेकर भाजपा नेता सुनील पुरोहित द्वारा विगत दिवस खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और उज्जैन संभागायुक्त आशीष सिंह से इंदौर नेमावर मार्ग को लेकर चर्चा की गई थी। सांसद प्रवास के दौरान अधिकारियों को फटकार लगाई तब जाकर गढ्ढे भरने का काम शुरू किया गया। इंदौर से राघोगढ़ के गढ्ढे लगभग भर गए हैं वहीं कल से नेमावर कि और से गड्ढे भरने का शुरू कर दिया जाएगा। उक्त कार्य पर पुरोहित ने सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल का आभार जताया।

## खबर संक्षेप



### शिकायतकर्ता कार्रवाई से संतुष्ट नहीं

**ललितपुर।** कस्बा बार में क्षेत्र पंचायत की जमीन पर बनायी गयी 20 दुकानों को अवैध करार देते हुये क्षेत्र की जनता द्वारा मण्डल आयुक्त से कार्यवाही की मांग की गयी थी। प्रकरण की जांच मुख्य विकास अधिकारी ने दलबल सहित मौके पर जाकर की थी। बताया जा रहा है कि सीडीओ की रिपोर्ट उपरान्त बिना लेण्टर की 9 दुकानों को ध्वस्त करने और 11 दुकानों को श्रमदान घोषित करने का फैसला लिया था। लेकिन मौके पर सकारात्मक कार्यवाही न होने के चलते क्षेत्र के युवा फिर से मण्डल आयुक्त की शरण में पहुंचे गए। बीते दिन स्थानीय युवाओं ने मण्डलायुक्त को झांसी पहुंच कर पत्र दिया। जिसमें मण्डल आयुक्त को बताया कि उक्त अवैध पायी गयी दुकानों को लेकर जिलाधिकारी ने आदेश दिया था, जिसको लेकर वहां की जनता द्वारा सभी दुकानों को ध्वस्त करने की मांग उठायी जा रही है। मण्डल आयुक्त को भेजे पत्र में यह भी बताया गया कि अधिकारियों द्वारा बीती 30 अक्टूबर को की गयी शिकायत के आधार पर की गयी कार्यवाही उचित नहीं है। उन्होंने पूरे मामले की गहनता से जांच कर आमजन की मांग पर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। पत्र देते समय पुष्पेन्द्र सिंह, धर्मेंद्र कुमार, रामजीवन प्रजापति, अमन गुप्ता, विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

### ससुरालियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाला

**ललितपुर।** मुख्यालय के समीपवर्ती ग्राम मैलवाराखुर्द निवासी गजरा पत्नी कप्तान ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 11 नवम्बर को अपराह्न 12 बजे वह घर में थी। तभी उसका पति कप्तान, देवर अखण्ड, सास मुन्नीबाई व ससुर रामप्रसाद एकराय होकर आये और गालियां देने लगे। मना करने पर उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि ससुरालियों ने उसे उसके पुत्र के साथ घर से निकाल दिया, जिससे वह काफी परेशान है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने ससुरालियों पर मामला दर्ज किया।

### पिता-पुत्र पर जेवरात व नकदी चोरी का आरोप

**ललितपुर।** गांव के दबंग लोगों ने घर में घुसकर पहले सोना-चांदी व नकदी की चोरी की, नींद खुलने पर घर का स्वामी चिल्लाया, जिससे परिजनों ने जागकर चोरों को पकडने का प्रयास किया तो चोरों ने कुल्हाड़ी व लाठियों से मारपीट कर दी। आरोप है कि शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गयी। घटना की सूचना थाना जखौरा में दी गयी, जिस पर कार्यवाही तो नहीं लेकिन पीड़ित पक्ष का ही चालान कर दिया गया। ऐसा अजब-गजब वाक्या जब सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के समक्ष पहुंचा तो उन्होंने तत्काल पुलिस अधीक्षक को जांच कर नियमानुसार एफआईआर दर्ज कराने और कार्यवाही कर माल बरामद कराये जाने की बात कही है। विधायक सदर को दिये शिकायती पत्र में ग्राम बुढ़ेरा निवासी प्रकाश पाल पुत्र मुन्नालाल ने बताया कि बीती 3 नवम्बर को वह अपने माता-पिता के साथ घर में सो रहा था। रात करीब 11 बजे उसे खटपट की आवाज आयी, जिस पर वह जाग गया और लाइट जलाने पर पाया कि गांव के रहने वाले पिता-पुत्र उसके घर के बक्से में रखे सोने-चांदी के जेवरात और 20 हजार रुपये की नकदी चोरी कर भाग रहे हैं। चोरों को देखकर जब वह चिल्लाया तो उसके माता-पिता के अलावा गांव के मगन पाल पुत्र चतरा, ध्यान सिंह उर्फ ध्यानी पुत्र मुन्ना पाल मौके पर आ पहुंचे। आरोप है कि लोगों को आता देख चोरों ने अपने साथ लिये कुल्हाड़ी और लाठियों से मारपीट कर दी। गालियां देते हुये शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। वह शिकायत दर्ज कराने थाना जखौरा पहुंचा तो उसकी शिकायत दर्ज नहीं की गयी, बल्कि गांव के रहने वाले पिता-पुत्र के कहने पर पुलिस ने पीड़ित का ही चालान कर दिया।

## डीएम के निरीक्षण से राजकीय मेडिकल कॉलेज में मचा हड़कंप

# स्वास्थ्य सेवाओं का मरीजों से लिया फीडबैक, कक्षों में व्यवस्थाएं देखी





- अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर लगेगी रोक, सीसीटीवी कैमरे बढ़ाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं के भौतिक सत्यापन और उनकी बेहतरी के लिए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने गुरुवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया, जिससे मेडिकल कॉलेज में हड़कंप मच गया और सम्बंधित अधिकारी व चिकित्सक मौके पर पहुंच गए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक कक्ष का बारीकी से निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया, साथ ही मरीजों से उनका फीडबैक भी लिया। उन्होंने निर्देश दिये कि चिकित्सालय में कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश न करे, इसके लिए सीसीटीवी कैमरें बढ़ाये जायें और यदि कोई सरकारी सम्पत्ति को क्षति पहुंचाता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही कर जुर्माना वसूला जाए। मरीजों को बेहतर उपचार के साथ-साथ साफ बेड, शौचालय, जांचे आदि निःशुल्क उपलब्ध करायी जायें, यदि किसी प्रकार के लेनदेन की शिकायतें मिली तो सम्बंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि जिन चिकित्सकों की यहां आवश्यकता है उनके लिए शासन से पत्राचार किया जाएगा और जल्द से जल्द चिकित्सकों की तैनाती के प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने आउटसोर्स पर कार्यरत कर्मचारियों से मिलकर एक सप्ताह के भीतर लम्बित वेतन दिलवाये जाने हेतु प्राचार्य को निर्देशित किया।

### जच्चा-बच्चा बार्ड सहित शिफ्टिड एसएनसीयू वार्ड का निरीक्षण किया

जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज पहुंचते ही परिसर में प्रसूता रामदेवी निवासी चिरौला से उसका हालचाल पूछा और सीएमएस को निर्देश दिये कि प्रसूता को वार्ड में पहुंचाकर उसे बेहतर उपचार दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने महिला ओपीडी कक्ष, आकस्मिक विभाग व जच्चा-बच्चा बार्ड सहित शिफ्टिड एसएनसीयू वार्ड का निरीक्षण किया। यहां पर मौजूद मरीजों व तीमारदारों से वार्ता कर उन्हें दिये जा रहे उपचार व बेड, जांच, भोजन आदि व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया, जिस पर मरीजों ने बताया कि नियमित रुप से बेड की चादरे बदली जाती हैं और अच्छा इलाज मिल रहा है। जिलाधिकारी ने पर्चा काउंटर व दवा वितरण कक्ष में जाकर पंजिकाओं का अवलोकन किया और सम्बंधित कर्मचारी को मानक के अनुसार मरीजों की हिस्ट्री व दवाओं का अंकन करने के निर्देश दियें मौके पर प्रधानाचार्य द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि पूर्व में यह जिला चिकित्सालय था, लेकिन इसे बाद में 500 बेड का उच्चीकृत मेडिकल कॉलेज में परिवर्तित कर दिया गया है।

### मदर केयर यूनिट जीर्णोद्धार का कार्य देखा

इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने एसएनसीओ व मदर केयर यूनिट का निरीक्षण किया, जहां जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा था, मौके पर बताया गया कि निर्माण कार्य के चलते मदर केयर यूनिट और एसएनसीयू को जच्चा-बच्चा वार्ड में शिफ्ट किया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण कराकर प्रसूता महिलाओं और बच्चों को शिफ्ट करें। मौके पर जिलाधिकारी ने इमरजेंसी एक्जिट को भी देखा और निर्देश दिये कि चिकित्सालय के ऑपन एरियाज को जाली से कवर कराया जाए, ताकि कोई यहां गंदगी या कचरा न डाल सके। ऑपरेशन थियेटर में सीएमएस ने बताया कि प्रतिदिन 5 से 8 ऑपरेशन किये जाते हैं और मरीजों को चिकित्सालय के भीतर से ही दवाएं व उपकरण उपलब्ध कराये जाते हैं। जरनल वार्ड, महिला, पुरुष व आयुष्मान वार्ड के निरीक्षण में जिलाधिकारी ने पेसेंट हिस्ट्री एवं स्टॉफ पॉजीशन रजिस्टर का अवलोकन किया तथा वार्ड में भर्ती मरीजों को देखा, उनसे वार्ता की तो मरीज जयप्रकाश की माता मुन्नी ने अवगत कराया कि उसके पुत्र का ऑपरेशन होना है परन्तु उसका आयुष्मान कार्ड फिंगर न आने के कारण नहीं बन पा रहा है।

### चिकित्सक से ओपीडी की जानकारी ली, चलिखी गई दवाओं को देखा

*हड्डी एवं जोड़ रोग कक्ष के निरीक्षण के दौरा डॉ एमसी गुप्ता मरीजों को देखते हुए पाये गए, मौके पर मरीजों से उपचार के बारे में पूछा गया और चिकित्सक से ओपीडी की जानकारी ली तथा मौके पर चिकित्सक द्वारा लिखी गई दवाओं को देखा। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने औषधिक भण्डार कक्ष में पहुंचकर स्टॉक चैक किया और चिकित्सक द्वारा लिखी गई दवाओं को मंगाकर उनका सत्यापन किया। बताया गया कि यहां पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं भी स्टॉक में उपलब्ध हैं, जो मरीजों को निःशुल्क दी जाती हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि उपलब्ध दवाओं के साथ-साथ एक्सपायरी दवाओं का भी रिकॉड रखा जाए और ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट किया जाए। जिलाधिकारी ने ब्लड बैंक पहुंचकर ब्लड स्टोरेज चैम्बर का निरीक्षण किया और स्टॉक चैक किया, बताया गया कि अभी ब्लड बैंक में 94 यूनिट ब्लड उपलब्ध है, इसके उपरान्त उन्होंने मेडिकल कॉलेज के नये भवन का अवलोकन किया। इस अवसर पर प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज डॉ मयंक शुक्ला, सीएमएस डॉ गजेन्द्र सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ डीके राज, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित अन्य चिकित्सक व कर्मचारी उपस्थित रहे।*

## बार में एसडीएम की कार्रवाई

# ओवररेट खाद बेचते पकड़ा गया लाइसेंस रद्द करने की संस्तुति




हरिभूमि न्यूज ⏭ बार

शासन व जिलाधिकारी सत्यप्रकाश के निर्देशों के क्रम में उपजिलाधिकारी अभिजीत सिंह ने बार कस्बे के बानपुर रोड स्थित एक खाद की दुकान पर छापा मारा। उन्हें खाद की ओवर रेटिंग की सूचना मिली थी, जिसके बाद वे ग्राहक बनकर दुकान पर पहुंचे और दुकानदार को निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर खाद बेचते हुए रंगे हाथ पकड़ा। यह कार्रवाई किसानों की शिकायत के बाद की गई। कस्बा बार के एक किसान ने एसडीएम अभिजीत सिंह से शिकायत की थी कि क्षेत्र में खाद निर्धारित दर से अधिक दामों पर बेची जा रही है। शिकायत मिलने पर एसडीएम अभिजीत सिंह ने तुरंत कार्रवाई की। वे एक किसान की मोटरसाइकिल पर बैठकर सादे वेश में कस्बा बार स्थित साहू ट्रेडर्स खाद बीज भंडार पहुंचे। दुकान पर उन्होंने ग्राहक बनकर यूरिया खाद मांगी। दुकानदार ने उन्हें निर्धारित मूल्य से लगभग 80 रुपये अधिक में खाद बेचने की कोशिश की। इसी प्रकार, डीएपी खाद भी 150 रुपये से 300 रुपये तक अधिक दामों पर बेची जा रही थी। खाद की कालाबाजारी रंगे हाथ पकड़े जाने पर एसडीएम ने दुकानदार को फटकार लगाई। उन्होंने मौके पर ही कृषि विभाग को दुकानदार का लाइसेंस रद्द करने की संस्तुति भेज दी।

### स्कूटी से पहले कट मारा, फिर धमकाया

**ललितपुर।** मोहल्ला घुसयाना में रहने वाले रंजीत सिंह पुत्र वंशीलाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 11 नवम्बर को शाम करीब सवा छह बजे वह अपने बच्चों को कोचिंग से लेने जा रहा था। वह भारत गैस एजेन्सी के पास स्कूटी नं. यू.पी.94 जेड 4926 पर सवार नेहरू महाविद्यालय के सामने शान्तिनगर निवासी राम व रिक्की दुबे ने साइड देकर कट मार दिया, जिससे वह डिवाइडर से टकराने से बाल-बाल बचा। जब उलाहना दिया गया तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## जाखलौन पुलिस ने पांच मोबाइल लौटाए



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व सीओ सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना जाखलौन के साइबर हेल्प डेस्क पर गिरे/खोये हुए मोबाइल फोन की गुमशुदगी अंकित की गयी थी। जाखलौन पुलिस ने बताया कि खोए मोबाइल फोन्स के मिले कागजातों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये भारत सरकार द्वारा संचालित पोर्टल पर फोन की डिटेल अपलोड कर फोन के आईएमईआई नम्बरों को रन किया गया। जिससे प्राप्त डाटा का अवलोकन व विश्लेषण कर प्राप्त जानकारी से गिरे व खोए फोन्स जिनकी कीमत करीब 70 हजार रुपये बतायी गयी है को बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। फोन्स बरामद करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष जाखालैन उ.नि.अभिषेक सिंह, क.आ. ग्रेड बी विवेक राज मिश्र, आरक्षी अजयपाल सिंह, आरक्षी संजय अवस्थी, आरक्षी रामजी तिवारी आदि शामिल रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

**ललितपुर।** थाना सौजना अन्तर्गत ग्राम भदौरा में रहने वाले रामप्रसाद पुत्र हल्कुवा कुशवाहा ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 9 नवम्बर की शाम करीब 7.30 बजे वह घर से खाद की दुकान पर जा रहा था। तभी रास्ते में प्राथमिक विद्यालय के 100 मीटर आगे किसी अज्ञात मोटर साइकिल ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गिरकर घायल हो गया। उसके गांव के लोगों ने परिजनों की मदद से टीकमगढ़ अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मारपीट कर धमकाने का आरोप

थाना जखौरा अंतर्गत चौकी बांसी के ग्राम खिरकन निवासी तुलाराम पुत्र कल्ले पाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती देर रात करीब 8 बजे वह अपने घर के दरबाजे पर बैठा था। गांव के सरमन पुत्र सियाराम कुशवाहा, सुरेश पुत्र रमेश कुशवाहा आये और बिना कारण गालियां देते हुये विरोध करने पर मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला लगा



**ललितपुर।** बुधवार को महरौनी अंतर्गत ग्राम भदौरा में दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया, जिसमें पशुचिकित्सकों द्वारा ग्राम के लोगों को विभिन्न योजनाओं ओर पशुओं के उपचार संबंधित उपाय बताए। पशुओं को निःशुल्क उपचार भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गौ पूजा ओर दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित करके की गई। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान भदौरा, पशुचिकित्सा अधिकारी सौजना डॉ अंशुल निरंजन, पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ अमित पाराशर, पशुप्रसार अधिकारी डॉ विनोद कुमार तिवारी, पशुचिकित्सा सौजना के पैरावेट ओमप्रकाश राजपूत, किशोरी लाल, राजेशकुमार, सुनील कुमार, कोमल, चंद्रपाल, के साथ समस्त स्टाफ मौजूद रहा जिन्होंने ग्राम के पशुओं को निःशुल्क उपचार किया कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामवासी भी मौजूद रहे।

## विश्वहिंदू महासंघ मातृशक्ति सम्मेलन

# हिंदुत्व में ही समाज और संस्कृति सुरक्षितः महंत

**ललितपुर।** विश्व हिन्दू महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक महंत मुकेश नाथ ने हिन्दुत्व को समाज का प्राण बताते हुए कहा कार्यकर्ता संगठन की नीव है और संगठन में ही शक्ति होती है। उन्होंने कहा समाज और संस्कृति को संस्कारित करने में मातृशक्ति का योगदान सदैव रहा है उन्होने कहा समाज संगठित रहेगी तभी समाज सुरक्षित रहेगा। नगर के गांधीनगर के मां शारदा मिलन पैलेस में आयोजित मातृशक्ति को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय संयोजक मुकेश नाथ महाराज ने कार्यकर्ताओं को संगठन की सीख दी। सम्मेलन में मातृशक्ति जिलाध्यक्ष रितू समाधिया, आशा कौशिक, प्रियंका राजपूत, अनीता मोदी,चेष्ठा श्रीवास्तव, कमलेश राठौर,मंजू तिवारी, हेमन्त गोस्वामी ने महंत जी का ललितपुर आगमन पर अभिनंदन कर आर्शीवाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगी दिलीपनाथ ने करते हुए कहा विश्वहिन्दू महासंघ ने हिन्दुत्त्व को संगठित करने में कार्य किया वह सदैव स्मरणीय रहेगा इस कार्य में गौरक्ष पीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ महाराज और उनके उनकी गुरूपरम्परा ने अकथनीय योगदान दिया।

सम्मेलन को प्रदेश उपाध्यक्ष पवन जैन शिवाजी, धर्माचार्य प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश बाबा, मण्डल प्रभारी अनिल डोगरा, जिला प्रभारी अवधेश यादव, जिलाध्यक्ष रवि राठौर, जिला प्रभारी गौरक्षा मनमोहन पंथ, गौरक्षा जिलाध्यक्ष दुर्गासिंह ने सम्बोधित कर विश्वहिन्दू महासंघ की नीतियों से अवगत कराया और कहा संगठन में मातृशक्ति का सम्मान है समय समय पर हिन्दुत्व जागरण के लिये जो कार्यक्रम अद्वितीय रहे हैं। सम्मेलन में जगदीश पाराशर को जिला महामंत्री, राजाराम गोस्वामी को जिला उपाध्यक्ष एवं विनीत पस्तोर को नगर अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौपी गई। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मंत्री अक्षय अलया द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अशोक राठौर, अजयजैन साइकिल, संजीव सौरया, मण्डल मीडिया प्रभारी मनोज जैन पत्रकार, गौरक्षा महामंत्री डा० राधे सोनी, वीरेन्द्र सोनू मौजूद रहे। कार्यक्रम के पूर्व प्रातःकाल राष्ट्रीय संयोजक ने सर्वेश्वर धाम के दर्शन किए इसके उपरान्त जगदगुरु कृष्ण गिरि महाराज से मुलाकात कर विश्वहिन्दू महासंघ के अगामी कार्यकमो 'पर चर्चा की। गौरीधाम में महामण्डलेश्वर भावना गोस्वामी के संयोजन में आयोजित कार्यकम में राष्ट्रीय संयोजक ने हिस्सा लिया इसके उपरान्त सर्किट हाउस में नवनिर्वाचित नगरपालिका अध्यक्ष सोनाली जैन ने राष्ट्रीय संयोजक मुकेश नाथ महाराज से आशीर्वाद ग्रहण किया। विश्वहिन्दू महासंघ एवं सनातन सांस्कृतिक संघ द्वारा नगरपालिका अध्यक्ष को इस मौके पर सम्मानित किया गया।

## कर्नाटका व मुंबई सीएसएमटी एक्सप्रेस में चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कर्नाटका एक्सप्रेस में सफर कर रहे यात्री का सोते समय पर्स चोरी हो गया। घटना की सूचना जीआरपी पुलिस ने दर्ज की है। उत्तर प्रदेश के जिला रामपुर अंतर्गत स्वार, ससोदिया निवासी शकील अहमद पुत्र जम्मा ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 11 अक्टूबर 2025 को वह ट्रेन संख्या 12628 कर्नाटका एक्सप्रेस के कोच नं. एस-6 के बर्थ नम्बर 49 पर दिल्ली से बैंगलुरू की यात्रा कर रहा था।

सुबह करीब 4 बजे जबब उसकी नींद खुली तो उसने सिर के पास रखा लेडीज पर्स गायब था। पर्स के अंदर रखा एक छोटा पर्स, जिसमें 3000 रुपये नकद, दो एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस, गाड़ी की आर.सी., यात्रा टिकिट, एक मोबाइल इत्यादि चोरी हो गया। इस प्रकार कुल 70 हजार 500 रुपये का सामान किसी अज्ञात बदमाश ने चोरी कर लिया। जीआरपी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरी ओर मध्य प्रदेश के जिला सागर अंतर्गत वार्ड नं. 39 मोतीनगर के खेमचंद्र अस्पताल के पास रहने वाले गौरव सोनी पुत्र गौरीशंकर ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह मथुरा से बीना के लिए ट्रेन संख्या 11058 मुम्बई सीएसएमटी एक्सप्रेस के जनरल कोच में सफर कर रहा था। उसका एक नीले रंग का बैग था, जिसमें एक सोने की चैन वजन 68.7 ग्राम, इस्तेमाली कपड़े, चन्दन, घी, पानी की बोतल इत्यादि था। बतायाकि एक सिंगल सीट के नीचे रखा हुआ था। आरोप है कि एक अज्ञात महिला ने ललितपुर रेलवे स्टेशन पर उसका बैग चोरी कर लिया। उसमें सोने की कारीगिरी करने वाली मम, भगवान मोहिनी बिहारी का चित्र इत्यादि चोरी कर लिया है। बताया कि महिला एक पुरुष, एक बालक व एक बालिका के साथ थी। पुलिस ने गौरव सोनी की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एक दिवसीय रोजगार मेला कल

जनपद ललितपुर के समस्त युवक एवं युक्तियों/अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, तालबेहट, जनपद-ललितपुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन दिनांक 15 नवम्बर को किया जा रहा है। रोजगार मेले में 1-जेपीवीएमजीएमकेटी प्रालि में सुपरवाईजर, स्टोरकीपर, डाटा एन्ट्री पद हेतु 39 रिक्तियां 2-आर्केटिक इंडस्ट्रीज वाराणसी में एकाउन्टेंट कम्प्यूटर ऑपरेटर फुल ऑफिस एक्सक्यूटिव पद हेतु 175 रिक्तियां 3-इन्सटा ह्यूमन्स मैनेजमेंट प्रालि में क्वालिटी इंजीनियर व हेल्पर पद हेतु 300 रिक्तियां 4-एसआईएस प्रालि, नीमच मप्र में सिक्योरिटी गार्ड पद हेतु 100 रिक्तियां 5-भारतीय जीवन बीमा निगम ललितपुर में सिटी कॅरियर एजेंट, रूलर कॅरियर एजेंट एवं महिला कॅरियर एजेंट पद हेतु 150 रिक्तियां 6-ईडीयू वेन्टेज प्रालि में टेज्नी ऑपरेटर पद हेतु 50 रिक्तियों पर भर्ती की जा रही है। साथ ही अन्य कम्पनियॉ भी प्रतिभाग कर सकती हैं। जिसमे शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, एवं आईटीआई में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की आवश्यकता है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने व साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को अपना पंजीयन रोजगार संगम पोर्टल पर जॉबसीकर के रूप में कराना होगा। जिसमें जनपद के सभी युवक/युवतियॉ रोजगार के अवसर जानने हेतु प्रतिभाग कर सकते हैं। इसके साथ सभी को सूचित किया जाता है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर के माध्यम से आयोजित होने वाले रोजगार मेलों में कम्पनियों द्वारा चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क होती है, जिसमें अभ्यर्थियों से नियुक्ति से पहले या बाद में किसी प्रकार के रूपये/सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमाण्ड नही की जाती है। डिमाण्ड की जाती है तो अभ्यर्थी ऐसे फोनकॉल को सत्य न मानें।

## यकायक थाना तालबेहट पहुंच कर एसपी ने किया निरीक्षण

# जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करे पुलिस : एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने थाना तालबेहट का आकस्मिक निरीक्षण कर थाना परिसर, कार्यालय आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। थाना कार्यालय के रजिस्टरों को चेक किया गया तथा व्यवस्थित रख-रखाव करने को कहा। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत व समयबद्ध निस्तारण करने जाने हेतु निर्देशित किया।

माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही व थाना स्तर पर टॉप-10 अपराधी व हिस्ट्रीशीटर की



सतत निगरानी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। महिलाओं की सुरक्षा हेतु एन्टीरोमियो स्कॉवड व मिशन शक्ति टीम को निरंतर थाना क्षेत्र स्कूल, कॉलेज, पार्कों आदि जगहो पर भ्रमण करने हेतु आदेशित किया गया जिससे महिला सम्बंधी अपराध न हो पाए तथा शासन की जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करें। प्रभारी निरीक्षक थाना तालबेहट को साइबर अपराध जागरूकता अभियान चलाकर, आमजन को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी ने प्रभारी निरीक्षक थाना तालबेहट को थाना क्षेत्र में प्रमुख भीड़-भाड़ वाले चौराहों, सराफा बाजार, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आदि जगहों पर पेट्रोलिंग के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। सर्दी के मौसम के दृष्टिगत, लूट, चोरी, छिनैती आदि प्रकार की घटनाओं के पूर्व अपराधियों का भौतिक सत्यापन कर उनके विरूद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। प्रभारी निरीक्षक तालबेहट को निर्देशित किया गया कि यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराना सुनिश्चित करें एवं चेकिंग के दौरान बिना हेल्मेट/शराब पीकर आदि वाहन चालकों की चेकिंग कर आवश्यक कार्यवाही के संबंध में दिशा-निर्देश दिये।

राजगढ़ नगर पालिका की तरह अन्य निकाय भी दैवभो को दिखाया जा रहा बाहर का रास्ता

# 1 सितंबर 2016 के बाद जिले के 14 निकायों में 844 दैवभो हुए हैं नियुक्त

## राजगढ़ नपा से हटाए 114 कर्मचारियों ने जाहिर किया अपना रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुक्रम में 01 सितंबर 2016 के बाद विभिन्न निकायों में दैनिक वेतन भोगियों के रूप में पदस्थ किए गए कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है। अकेले राजगढ़ निकाय में 114 कर्मचारी चिन्हित हुए जो दैवभो पद पर उक्त तिथि से राजगढ़ नगर पालिका में पदस्थ थे। राजगढ़ नगर पालिका की तरह ही जिले के अन्य 13 निकायों में भी 1 सितंबर 2016 के बाद से नियुक्त दैनिक वेतन भोगियों को हटाए जाने की तैयारियां चल रही हैं। राजगढ़ के बाद कुछ निकायों ने इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिए हैं। जिले के समस्त 14 निकायों की बात करें तो 01 सितंबर 2016 के उपरान्त विभिन्न नगर पालिकाओं एवं नगर परिषदों ने पीआईसी से प्रस्ताव पारित करवाकर कुल 844 कर्मचारियों को दैवभो के पद पर नियुक्तियां दी हैं।

हालांकि, सभी 14 निकायों से कर्मचारियों को हटाए जाने के आदेश फिलहाल तक जारी नहीं हुए हैं पर उक्त संबंध में संपूर्ण जानकारी जिला शहरी विकास अभिकरण को भेजी गई है। कुछ निकायों ने अपने यहां पदस्थ कर्मचारियों के संबंध में कलेक्टर कोर्ट में भी प्रकरण/दस्तावेज प्रस्तुत कर दिए हैं।




**01 सितंबर 2016 के बाद 14 निकायों में नियुक्त दैवभो**

| क्र. | निकाय | दैवभो |
|---|---|---|
| 1. | राजगढ़ | 114 |
| 2. | खुजनेर | 00 |
| 3. | ब्यावरा | 70 |
| 4. | सुठालिया | 84 |
| 5. | न.सिंहगढ़ | 80 |
| 6. | बोड़ा | 30 |
| 7. | तलेन | 38 |
| 8. | सारंगपुर | 110 |
| 9. | पचोर | 70 |
| 10. | खिलचीपुर | 43 |
| 11. | जीरापुर | 66 |
| 12. | माचलपुर | 53 |
| 13. | छापीहेड़ा | 26 |
| 14. | कुरावर | 60 |
| कुल | | 844 |

### अन्य निकायों ने भी जारी किए आदेश

राजगढ़ के साथ ही जिले के कुछ अन्य निकायों ने भी अपने यहां 01 सितंबर 2016 के बाद से नियुक्त कर्मचारियों को हटाने के आदेश जारी कर दिए हैं। हालांकि, कुछ निकायों ने जो जानकारी राजगढ़ मुख्यालय पर प्रस्तुत की है, उसके अनुसार वे निकाय समस्त कर्मचारियों को नहीं हटा रहे हैं बल्कि निकाय की आवश्यकतानुसार वे कुछ कर्मचारियों को रख रहे हैं वहीं कुछ को पद से हटा रहे हैं। एक ही जिले में इस तरह की विसंगति को लेकर राजगढ़ निकाय से हटाए गए 114 कर्मचारियों में खासा रोष व्याप्त है।

**राजगढ़ नपा ने 2016 के बाद लगे 114 कर्मचारियों को पद से हटाया**

**नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग के निर्देश**

राजगढ़। शासन के निर्देशों पर राजगढ़ नगर पालिका ने बड़ा निर्णय लेते हुए 1 सितंबर 2016 के बाद से नियुक्त अपने सभी 114 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। नगरपालिका ने हटाए गए उक्त 114 कर्मचारियों की लिस्ट भी जारी की हैं। उक्त आदेश जारी होने के बाद हटाए गए कर्मचारियों में खलबली मची देखी गई।

उल्लेखनीय है ये सभी कर्मचारी विभिन्न परिषदों के दौरान दैनिक वेतन भोगी पद पर रखे गए थे। इन 114 में शामिल अनेकों कर्मचारी नगरपालिका की विभिन्न शाखाओं में महत्वपूर्ण दायित्व भी निभा रहे हैं। इसके साथ ही अन्य कार्यों में सलग्न हैं। नगरीय आवास एवं प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुक्रम में यह बड़ा



कदम उठाया गया है। इतनी अत्यधिक संख्या में सालों से काम करने के बाद बाहर निकाले गए कर्मचारियों में आक्रोश भी नजर आ रहा है। नगर पालिका प्रशासन ने अपने दफ्तर में उक्त सभी 114 कर्मियों की लिस्ट चस्पा की है।

**कर्मचारी संघ पदाधिकारी बोले कार्रवाई विसंगतिपूर्ण**

इस बारे में राज्य कर्मचारी संघ के जिला उपाध्यक्ष एवं नगरीय निकाय संघ के पदाधिकारी अशोक मेवाड़े का कहना है कि लगभग 10 साल से विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा रहे कर्मचारियों को पद से अचानक हटाना बहुत गलत है। इसके साथ ही जिले के अन्य निकायों द्वारा विसंगतिपूर्ण कार्यवाहियां की जा रही हैं।

**अब आगे क्या**

गौरतलब है कि नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग द्वारा वर्ष 2000 में जारी सर्कुलर के अनुसार निकायों द्वारा किसी भी पद पर अपने स्तर से कोई नियुक्ति नहीं की जानी है। इसके बावजूद निकायों ने अपनी आवश्यकतानुसार परिषदों, पीआईसी से प्रस्ताव पास करवाकर दैवभो पद पर अनेकों कर्मचारियों को नियुक्तियां की हैं। अब देखना यह है कि उक्त मामला आगे जाकर कहीं न्यायालयीन प्रक्रियाओं में उलझ जाए।

---

कांग्रेस पार्षद कलेक्टर से मिले, ज्ञापन सौंपा

# फिनाइल घोटाले की जांच की मांग हुई तेज




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगर परिषद सुठालिया में कांग्रेस पार्षदों द्वारा 32 लाख रुपए की फिनायल (कीटनाशक) घोटाले का आरोप लगाने के बाद कांग्रेस की महिला पार्षद पूजा सिलावट द्वारा सूचना के अधिकार के तहत मुख्य नगर पालिका अधिकारी से फिनायल खरीदने की जानकारी मांगने व मुख्य नपाधिकारी द्वारा जानकारी नहीं देने व टालम टोल करने के विरोध में मंगलवार को कांग्रेसी पार्षद व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नगर परिषद के बाहर धरना प्रदर्शन कर तालाबंदी की थी। वहीं बुधवार को इस मामले को लेकर कांग्रेस पार्षद पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी एवं ब्लॉक अध्यक्ष मोहान लोधी के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा को घटना क्रम से अवगत कराया।

### निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की उठाई मांग

जिला कलेक्टर से मांग की गई कि नगर परिषद में हुए इस गंभीर भ्रष्टाचार प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराते हुए दोषियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए, ताकि जनता के धन का दुरुपयोग न हो सके और पारदर्शिता बनी रहे। कांग्रेस पार्षदगण एवं कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस दौरान पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी ब्लाक अध्यक्ष मोहन लोधी छात्र नेता एलकार सोंधिया पार्षद प्रतिनिधि मिथुन सिलावट पार्षद गोकुल मोगिया रामबाबू कुशवाह मौजूद हैं। उल्लेखनीय हे कि बीते दो वर्षों से नगर परिषद में भ्रष्टाचार को लेकर लगातार कांग्रेसी पार्षद शिकायत की जा रही है कांग्रेसियों द्वारा बीते वर्ष दुकान नीलामी में बंदर वाट सहित नप अध्यक्ष के पुत्र द्वारा अध्यक्ष के फर्जी हस्ताक्षर आदि मामले भी उठा चुके हैं लेकिन किसी भी मामले में कार्यवाही नहीं होने से सभी कांग्रेस पार्षद लामबंद होकर बड़ा आंदोलन करने की तैयारी में है।

---

# पुलिस की त्वरित कार्रवाई, झपट्टा मारकर भागने वाले दो आरोपियों से 50 हजार नकद बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

जानकारी के मुताबिक 15 अक्टूबर को भैंस बाजार जीरापुर में फरियादी के साथ 60 हजार रुपए की झपट्टामारी हुई थी। फरियादी द्वारा घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिस पर अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में एक आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया था। तत्पश्चात सघन पूछताछ एवं मुखबिर सूचना के आधार पर




थाना प्रभारी निरीक्षक रवि ठाकुर द्वारा गठित टीम ने अन्य दो आरोपियों को भी गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 50 हजार रुपए नकद बरामद किए। आरोपी संदीप पिता रमेशचंद मोंगिया उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम वुडनपुर थाना सारंगपुर, कमलसिंह उर्फ रामनाथ पिता मुन्नालाल मोंगिया उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम वुडनपुर थाना सारंगपुर को गिरफ्तार किया गया।

---

त्वरित निराकरण पर खनिज एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिली सराहना

# सीएम हेल्पलाइनः लापरवाही पर 3 तहसीलदारों को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर द्वारा सतत रूप से इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी कड़ी में सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों को लेकर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तहसील सुठालिया, खुजनेर एवं ब्यावरा को समाधान संबंधी शिकायतों का निराकरण न करने पर संबंधित तहसीलदार को नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी ऑपरेटर एवं विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक बंद करवाया जाए। उन्होंने कहा कि भावान्तर भुगतान योजना से जुड़ी सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों का प्राथमिकता से हल करें। बैठक में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग को 50 दिनों से अधिक लंबित शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही सहकारिता विभाग की लंबित शिकायतों पर भी असंतोष व्यक्त किया। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने खनिज विभाग एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने पर सराहना की। कलेक्टर ने कहा कि जिन शिकायतों का निराकरण नहीं हो रहा है, उन्हें संभाग आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्वयं भी कुछ शिकायतकर्ताओं से बात कर उनकी समस्याओं को विस्तार से समझा और संबंधित अधिकारियों को त्वरित व संतुष्टिपूर्ण निराकरण के सख्त निर्देश दिए।

---

अभियान के तहत घरों, दुकानों में चलित लैब से कर रहे दूध की जांच

# दूध के 44 सैंपलों में 1 में यूरिया, 3 सैंपल असामान्य, 18 में मिला पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आमजनों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत मिलावट से मुक्ति के तहत 'दूध का दूध, पानी का पानी' अभियान अनवरत जारी है। अभियान के तहत भोपाल दुग्ध संघ की चलित लैब द्वारा विभिन्न शहरों के घरों, डेयरियों व दुकानों पर उपयोग किए जा रहे दूध एवं दूध निर्मित अन्य खाद्य पदार्थों की जांच मौके पर ही की जा रही है।

बुधवार को राजगढ़ नगर के तिलक मार्ग पर दुग्ध संघ की उक्त चलित लैब द्वारा कुल 44 उपभोक्ताओं एवं विक्रेताओं से खुले दूध के कुल 44 सैंपल जांच हेतु लिए गए। इन 44 सैंपलों में से 18 में पानी की मिलावट पाई गई, वहीं एक सैंपल में यूरिया मिश्रित मिला व 3 सैंपल असामान्य पाए गए हैं। अभियान के दौरान भोपाल दुग्ध संघ की प्रभारी (ग्रामीण विपणन) सुश्री निधि सिंह राजपूत, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.एस. खत्री, पी.एस. ठाकुर (दल प्रभारी) एवं अन्य अमला उपस्थित रहा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री खत्री द्वारा खुले दूध के विक्रेताओं को अनिवार्यतः खाद्य पंजीयन कराने के लिए निर्देशित किया गया।

**अपील-पाश्चुराईज्ड दूध का ही करें सेवन**

दुग्ध संघ एवं खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने समस्त उपभोक्ताओं को जागरुक करते हुए कहा कि केवल और केवल पाश्चुराइज्ड दूध का ही सेवन करें। बिना पाश्चुरीकृत दूध सेहत के लिए हानिकारक है। साथ ही सांची के लोकप्रिय उत्पाद जैसे - नमकीन मठा, मीठा दही और पनीर आदि का वितरण भी उपभोक्ताओं को किया गया।

---

यातायात पुलिस की टीम कर रही कार्रवाई

# लापरवाह ड्राइविंग के खिलाफ सतत रूप से जारी है चालानी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में बढ़ते हादसों पर नियंत्रण के लिए यातायात पुलिस द्वारा अनवरत रूप से बगैर हेलमेट, बगैर निर्धारित दस्तावेजों एवं लापरवाह तरीके से ड्राइविंग करने वालों के खिलाफ अनवरत कार्यवाही की जा रही है। विभाग द्वारा न केवल संबंधितों के चालान काटे जा रहे हैं बल्कि समझाइश भी दी जा रही है कि आपकी जिंदगी अकेले आपकी नहीं है। ऐसे में बगैर हेलमेट के सफर न करें।

इसी कड़ी में यातायात टीम प्रभारी इति शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को स्थानीय ब्यावरा नाका पर टीम के साथ मिलकर कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान रांग साइड से आने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों के चालान काटे गए इसके साथ ही अपूर्ण दस्तावेजों एवं विभिन्न लापरवाहियों पर भी संबंधितों पर चालानी कार्यवाही की गई।

**गलती के बाद भी लगवा रहे फोन**

यातायात पुलिस द्वारा की जा रही इस कार्यवाही के दौरान लापरवाही बरतने वालों के चालान काटने पर संबंधितों द्वारा रसूखदारों, नेताओं व अन्य से फोन भी लगवाए जा रहे हैं ताकि चालानी कार्यवाही से बचा जा सके। हालांकि, टीम द्वारा बगैर किसी दबाव के विभाग के नियमानुसार लापरवाह ड्राइविंग सहित अन्य कमियों पर सभी पर चालानी कार्यवाही सतत रूप से की जा रही है।

---

### वेयरहाउस आउटसोर्स जांच के पाए गए दोषियों पर कब होगी कार्रवाई ?

**कलेक्टर के आदेश के 1 महीने बाद की गई जांच में पाए गए कई कर्मचारी अनुपस्थित**




ब्यावरा। नगर के वेयरहाउस में आउटसोर्स कर्मचारियों के नाम पर की जा रही धांधली पर पर्दा डालने के कई प्रयास किए गए, परंतु जब कलेक्टर के आदेश पर जांच शुरू की गई तो जांच टीम ने भी कई आउटसोर्स कर्मचारियों को चिन्हित किया जो काम पर या तो आते ही नहीं थे या फिर कभी कभी आते थे परंतु अपना वेतन पूरा पाते थे। ऐसे में जिला प्रबंधक वेयरहाउस द्वारा जब जांच कि गई तो दूध का दूध पानी का पानी हो गया और कई कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए।

**जांच के बाद रीजनल मैनेजर ने किया दौरा**

जैसे ही कई आउटसोर्स कर्मचारियों के बिना काम के वेतन लेने का मामला गर्माया और जांच में भी दोषी पाए गए तो फिर दो दिन बाद ही राजेश अग्रवाल रीजनल मैनेजर वेयरहाउस कार्पोरेशन ने अपना ब्यावरा वेयरहाउस दौरा किया। परंतु यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा की यह दौरा किस उद्देश्य से किया गया था क्योंकि उनसे बारबार फोन लगाने पर पर भी उत्तर नहीं मिल पाया।

---

# अक्टूबर में जिले से सेवानिवृत्त हुए 25 कर्मचारी, प्रदान किए पीपीओ



**राजगढ़।** अनेकों सालों तक शासकीय सेवा करने के उपरान्त रिटायर्ड होने वाले लोक सेवकों को उनकी पेंशन भुगतान, भविष्य निधि सहित अन्य देयकों के तुरंत भुगतान की पहल राजगढ़ जिले में शुरू हुई है। इसी कड़ी में गत अक्टूबर माह में जिले के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुए कुल 25 कर्मचारियों को कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने बुधवार को पीपीओ प्रदान किए।

इसके साथ ही सभी पेंशनरों का कलेक्टोरेट सभागार में शॉल एवं श्रीफल से अधिकारीगणों द्वारा सम्मान भी किया गया। अक्टूबर में जिले के कईं विभागों से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों में लोक निर्माण पीआईयू राजगढ़ के मातादीन नापित, कंवरलाल करण, बीईओ नरसिहंगढ़ से अनिल कुमार मुल्हा, हरिनारायण कुम्भकार, यशोदा रघुवंशी, करण सिंह, बालाप्रसाद यादव, बीईओ राजगढ़ से धरनीधर शर्मा, महेन्द्र सिंह भदोरिया, गिरीश कुमार गुप्ता, हरिओम बैरागी, बीईओ सारंगपुर से मनोहर लाल कारपेटर, सिद्धनाथ नागर, बीईओ जीरापुर से रमेन्द्र कुमार मण्डलोई, मोहम्मद आरिफ खान, सिविल सर्जन राजगढ़ कार्यालय से नाथूसिहं झाला, विश्वास नईगांवकर, पुलिस विभाग राजगढ के वाहिद अली, होमगार्ड राजगढ़ से किशन खरे, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा से सत्यप्रकाश शर्मा, तहसीलदार सारंगपुर कार्यालय से बाबुलाल मेढा तथा रजिस्ट्रार ऑफिस राजगढ़ के राजेश कुमार जैन शामिल हैं। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह दांगी, जिला शिक्षा अधिकारी करण सिंह भिलाला, सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल सहित अन्य विभाग प्रमुख उपस्थित रहे जिन्होंने रिटायर्ड कर्मियों को सम्मानित किया।

---

## पीडब्ल्यूडी प्रमुख सचिव ने किया एसडीएम ऑफिस भवन का निरीक्षण

**नरसिंहगढ़।** पीडब्ल्यूडी विभाग के प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह ने बुधवार को करोड़ों की लागत से बन रहे एसडीएम ऑफिस भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जांच हेतु रखे गए तीनों सैंपल फेल पाए गए, जिस पर प्रमुख सचिव ने अधिकारियों और ठेकेदार को फटकार लगाई। उन्होंने घटिया निर्माण सामग्री, दरवाजों की चैखट, टाइल्स बिछाने में कमजोर क्वालिटी तथा गिट्टी के मानक पर खरा न उतरने पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। सिंह ने सीएम राइज स्कूल भवन में भी खराब निर्माण की शिकायतों पर जांच कर रिपोर्ट शाम तक प्रस्तुत करने को कहा। वहीं सिटी पोर्शन सड़क निर्माण के सैंपल भी जांच के लिए लैब भेजे गए। निरीक्षण के दौरान नियमित जांच न होने पर भी उन्होंने नाराजगी जताई और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

---

15 वर्ष तक निभाया ब्रह्मचर्य व्रत, 16 नवंबर को ग्रहण करेंगे छुल्लक दीक्षा

# दीक्षा पूर्व बिनौली यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

अकोदिया नगर के प्रसिद्ध किराना व्यापारी ब्रह्मचारी रमेशचंद जैन के दीक्षा से पूर्व मंगलवार को सारंगपुर में भव्य बिनौली (दीक्षा पूर्व शोभायात्रा) एवं गोद भराई समारोह का आयोजन हुआ। शोभायात्रा के दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। वर्ष 2010 में आचार्य सुबल सागर महाराज के अकोदिया चातुर्मास के दौरान उनके प्रवचनों से प्रभावित होकर रमेशचंद जैन ने सांसारिक मोह-माया त्यागने और ब्रह्मचर्य व्रत धारण करने का संकल्प लिया था। तब से वे पिछले 15 वर्षों से प्रतिमाधारी जीवन का पालन करते हुए पूर्ण संयम, अनुशासन और विनम्रता के साथ जीवन व्यतीत कर रहे हैं। अब वे आगामी 16 नवंबर को ग्वालियर में आचार्य सुबल सागर महाराज के सान्निध्य में छुल्लक दीक्षा ग्रहण करेंगे।

**नगर में निकली भव्य बिनौली शोभायात्रा**



सकल दिगंबर जैन समाज सारंगपुर के तत्वावधान में शोभायात्रा श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन छोटा मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए महावीर अतिशय क्षेत्र बड़ा मंदिर पहुंची। रथ पर दीक्षार्थी रमेशचंद जैन सवार थे। नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर समाजजनों ने उनका अभिनंदन किया।

**गोद भराई व सम्मान समारोह आयोजित**

महावीर दिगंबर जैन मंदिर में गोद भराई की पारंपरिक रस्म संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती प्रीति जैन ने मंगलाचरण से किया। समाज के पदाधिकारियों ने मालाएं एवं दुपट्टे पहनाकर दीक्षार्थी का अभिनंदन किया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष मनोज जैन ने दीक्षार्थी का जीवन परिचय प्रस्तुत करते हुए बताया कि रमेशचंद जैन का जन्म 1956 में अकोदिया निवासी राजमल जैन एवं शांति देवी के घर हुआ। आपने हायर सेकेंडरी तक शिक्षा प्राप्त की और लंबे समय तक किराना व्यापार किया। गृहस्थ जीवन में रहते हुए आपने तीन सिद्धचक्र मंडल महाविधान और एक त्रिलोक मंडल महाविधान जैसे वृहद धार्मिक आयोजन किए तथा आचार्य सुबल सागर महाराज के सम्मेदशिखर यात्रा संघपति भी रहे।